# राजस्थान सरकार
## सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग
आई. टी. भवन, योजना भवन परिसर, तिलक मार्ग, सी–स्कीम, जयपुर

क्रमांकः एफ 2(880)/डीओआईटी/संस्था/11/4089 जयपुर, दिनांकः 2/11/. 2011

### कार्यालय आदेश

इस विभाग द्वारा सूचना सहायक के पदों पर सीधी भर्ती के लिये दिः 21 अगस्त, 2011 को सभी संभाग जिला मुख्यालयों पर प्रथम चरण की लिखित प्रतियोगी परीक्षा आयोजित की गई। द्वितीय चरण की कम्प्यूटर मशीन पर हिन्दी एवं अंग्रेजी में गति परीक्षण परीक्षा दिनांक 06.11.2011 को "पूर्णिमा कॉलेज ऑफ इन्जिनियरिंग, आईएसआई–6, सीतापुरा, गोनेर रोड, जयपुर" में आयोजित की जानी है। इस परीक्षा के आयोजन को सफल बनाये जाने के लिये निम्नलिखित अधिकारियों/कर्मचारियों को एतद्द्वारा निम्न कार्य आंवटित किये जाते हैः–

**(अ) आवंटित कार्यः**– दिनांक 06/11/2011 को द्वितीय चरण की कम्प्यूटर मशीन पर हिन्दी एवं अंग्रेजी में गति परीक्षण परीक्षा एवं परीक्षा केन्द्र से सम्बन्धित समस्त कार्यों का सुचारू रूप से परीक्षा स्थल पर संचालन/संपादन। परीक्षा का निष्पक्षता, गोपनीयता एवं समयबद्ध तरीके से सफल संचालन सुनिश्चित करना।

1. **श्री अकुल भार्गव,** सिस्टम एनालिस्ट, वित्त विभाग, जयपुर **(केन्द्राधीक्षक)**
2. **श्री अरूण चौहान,** सिस्टम एनालिस्ट, सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग, जयपुर **(सहायक केन्द्राधीक्षक)**
   1. श्री पियुष कुलश्रेष्ठ, सूचना सहायक
   2. श्री अभय कुमार सोनी, सूचना सहायक

**(ब) आवंटित कार्यः**– **सतर्कता दल (Vigilence Team/Flying Squad)**
दिनांक 06/11/2011 को द्वितीय चरण की कम्प्यूटर मशीन पर हिन्दी एवं अंग्रेजी में गति परीक्षण परीक्षा से सम्बन्धित समस्त कार्यों का निरीक्षण, विभिन्न कम्प्यूटर कक्षों का आकस्मिक निरीक्षण/जांच कर गति परीक्षण परीक्षा की निष्पक्षता, नियमबद्धता और स्वच्छता का परीक्षण करना, पर्यवेक्षण, गोपनीयता एवं परीक्षा केन्द्र पर नियुक्त कर्मियों के द्वारा निष्पक्षता से कार्य किए जाने का निरीक्षण तथा अवांछित गतिविधियों को रोकना एवं उन पर आवश्यक कार्यवाही करना **(परिशिष्ट–3)**। अंत में सतर्कता दल प्रभारी परिशिष्ट–1 के अनुसार रिपोर्ट केन्द्राधीक्षक को प्रस्तुत करेंगे। (**सतर्कता दल के लिए अनुदेश परिशिष्ट–1 एवं सतर्कता दल प्रभारी की रिपोर्ट फार्मेट परिशिष्ट–2**)

1. **श्री सुनील छाबडा,** सिस्टम एनालिस्ट, सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग, जयपुर **(सतर्कता दल प्रभारी)**
2. **श्री योगेन्द्र कुमार जैन,** ए.सी.पी., सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग, जयपुर **(सदस्य सतर्कता दल)**

**(स) आवंटित कार्यः**– आवेदन पत्रों में पाई गई विसंगतियों के निवारण एवं अनुपस्थित रहे अभ्यर्थियों के दस्तावेजों के सत्यापन का कार्य करेंगें तथा विभाग के समसंख्यक आदेश क्रमांक 3990 दिनांक 21.10.2011 द्वारा वांछित दस्तावेजों के सत्यापन के दौरान पाई गई विसंगतियों एवं आवेदन पत्रों पर पात्रता या अपात्रता का निर्णय लेने हेतु गठित समिति से सम्पर्क कर अंतिम निर्णय प्राप्त करेंगें। अभ्यर्थी की पात्रता सुनिश्चित किए जाने पर "अनन्तिम एडमिट कार्ड" जारी करना।

1. **श्री सुशील परिहार,** एसीपी, सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग, जयपुर **(प्रभारी अधिकारी)ः–**
   **दिनांकः** 06/11/2011 **: प्रातः 7.00 से दोपहर 3.00 बजे तक**
   1. श्री राजकुमार सिंह, ए.पी.
   2. श्री नवीन राज, सूचना सहायक

2. **श्री रमेश चन्द्र शर्मा,** एसीपी, राजस्थान राज्य गंगानगर शुगर मिल्स, जयपुर **(प्रभारी अधिकारी):–**

**दिनांकः** 06/11/2011 **: दोपहर 2.00 से परीक्षा समाप्ति तक**

1. श्री एच.आर. सिंह, प्रोग्रामर
2. श्री कैलाश शर्मा, ए.पी.

**(द) आवंटित कार्यः–** सभी कम्प्यूटर लैबों के अभिजागर (Invigilator) उत्तर–पत्रकों के सील्ड लिफाफों पर निर्धारित प्रपत्र परिशिष्ट–4 के अनुसार वांछित सूचना भरी जानी सुनिश्चित करें। प्रत्येक गति परीक्षण परीक्षा के टाईम–स्लौट की समाप्ति होने के पश्चात सभी कम्प्यूटर लैबों से उत्तर–पत्रकों के सील्ड लिफाफों मय उपरोक्त सूचना के एवं उपस्थिति पत्रकों को एकत्रित कर केन्द्राधीक्षक को संभलवाना।

**दिनांकः**06/11/2011 **: प्रातः 7.00 से दोपहर 3.00 बजे तक**

1. श्री राजेश गुप्ता, एसीपी
2. श्री शैलेन्द्र कृष्णात्री, प्रोग्रामर

**दिनांकः** 06/11/2011 **: दोपहर 2.00 से परीक्षा समाप्ति तक**

1. श्री जितेन्द्र वार्ष्णेय, ए.सी.पी.
2. श्री ओ.पी. जाटावत, प्रोग्रामर

कार्य की महत्वता एवं गोपनीयता को मध्यनजर रखते हुये उपरोक्त वर्णित सभी अधिकारी/कर्मचारी केन्द्राधीक्षक के निर्देशन/मार्गदर्शन मे कार्य सम्पादित करेगें साथ ही प्रत्येक प्रभारी अधिकारी अतिरिक्त निदेशक–द्वितीय को समय–समय पर कार्य की प्रगति से अवगत कराते रहेंगे। इसके अतिरिक्त अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा परीक्षा सम्बन्धित समय–समय पर निर्देशित समस्त कार्यो को भी सम्पादित करेंगे।

उपरोक्त के अतिरिक्त अभ्यर्थियों की पात्रता/अपात्रता के निर्णय के लिए निम्न गठित समिति (समसंख्यक आदेश क्रमांक 3990 दिनांक 21.10.2011) भी परीक्षा स्थल पर दिनांक 06/11/2011 गति परीक्षण परीक्षा समाप्ति तक उपस्थित रहेगीः–

1. श्री रश्मि कांत दवे, सिस्टम एनालिस्ट एवं कार्यालयाध्यक्ष
2. श्री राजकुमार मीणा, मुख्य लेखाधिकारी
3. श्री आर. एल. सोलंकी, एसीपी
4. श्री सुशील परिहार, एसीपी

**उपरोक्त कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जावे।**

उपरोक्त आदेश शासन सचिव एवं आयुक्त महोदय से अनुमोदित है।

**अतिरिक्त निदेशक (संस्थापन)**

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ/आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है –

वरिष्ठ निजी सहायक, शासन सचिव एवं आयुक्त, सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग, जयपुर।

1 संबंधित विभागाध्यक्ष ........................................................................ को भेजकर लेख है कि उपरोक्त कार्य की महत्वता को देखते हुये संबधित अधिकारियों / कर्मचारियों को उक्त कार्य के सम्पादन के लिए उपस्थिति देने हेतु निर्देशित करने का श्रम करावें।

2 कार्यालयाध्यक्ष, सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग, जयपुर को भेज कर लेख है कि दिः 06/11/2011 को दो पारीयों मे (प्रातः 7.00 बजे से दोपहर 3.00 बजे तक एवं दोपहर 2.00 बजे से रात्रि परीक्षा समाप्ति तक) दो–दो सहायक कर्मचारी एवं दो–दो सुरक्षा गॉर्डो की व्यवस्था तथा प्रत्येक पारी में कर्मचारियों को लाने व ले जाने हेतु उचित वाहन व्यवस्था हेतु आवश्यक कार्यवाही करावें।

3 प्रभारी अधिकारी (वेबसाईट), सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग, जयपुर।

4 संबंधित अधिकारी/कर्मचारी ।

5 निजी/रक्षित पत्रावली।

**अतिरिक्त निदेशक (संस्थापन)**